**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**08.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- केंद्र में कल नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर–बड़ी संख्या में पड़ोसी देशों और हिन्द महासागर क्षेत्र के नेता होंगे समारोह में शामिल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनते देखना भारतवासियों का सौभाग्य।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में की उल्लेखनीय वृद्धि।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–कंगना रणौत के साथ घटित घटना दुखद–लेकिन इसे आतंकवाद से जोड़ना गलत।

**शपथ ग्रहण**

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो टर्म में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नजर आ रहा है। 25 करोड लोगों का गरीबी से बाहर आना अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़े गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि 18वीं लोकसभा में भी हमारे 5 साल के कार्यकाल में भी हम उसी गति के साथ उतने ही समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं रखेंगे। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी देशों के नेता समारोह में भाग लेने के लिए नेता राजधानी पहुंचना शुरू हो गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखना सभी भारतवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे। जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी का पहला कार्यकाल देश के विकास के लक्ष्य निर्धारित करने और योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए समर्पित रहा। नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में सरकार की योजनाओं को और व्यापक बनाया गया। इस दौरान कोविड जैसी महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री ने देश के विकास की गति को नहीं रूकने दिया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों के लिए जाना जाएगा और देशवासी बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फिल्ड कर्मचारियों से कहा है कि वे ग्रामीण विकास को लेकर निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य करें। कुलदीप सिंह पठानिया आज चंबा के चुवाड़ी में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने ये भी कहा कि पंचायत स्तर पर जारी विभिन्न कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जानबूझकर विकास कार्यों को लम्बित रखने वाले फिल्ड कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भटियात विकास खंड में मनरेगा के तहत दो हजार 4 सौ 3 विकास कार्यों पर 74 करोड़ 39 लाख से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि एस.डी.आर.एफ. के तहत भटियात उप–मंडल में सरकार ने एक सौ 27 आवासों को मंजूरी दी है।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने सामाजिक दात्विय के निर्वहन की मिसाल पेश करते हुए श्री नैना देवी की खरखड़ी पंचायत के 21 वर्षीय गुरूमेल सिंह को निशुल्क बायोनिक कृत्रिम पैर लगवाकर उन्हें नया जीवन देने का काम किया है। तीन महीने पहले गुरूमेल सिंह का पैर एक हादसे में कट गया था। गुरूमेल ने पैर लगाने के लिए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से गुहार लगाई जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार कर लिया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अपने क्षेत्र वासियों की सेवा उनके लिए सबसे बड़ा धर्म है और वह भविष्य में भी सेवा का यह कार्य जारी रखेंगे।

**सूचना**

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का 9 जून को सांय 6 बजकर 45 मिनट से आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके चलते आकाशवाणी शिमला से शांय 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रदेशिक बुलेटिन कल सांय 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि ऑलंपिक, शीतकालीन आलंपिक और पैराआलंपिक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रूपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रूपए कर दी गई है। इसी प्रकार रजत पदक विजेताओं को अब दो करोड़ रूपए के स्थान पर तीन करोड़ रूपए और कांस्य पद विजेताओं को एक करोड़ के स्थान पर दो करोड़ रूपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई खेलों और पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी इनाम राशि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार राशि में यह वृद्धि राज्य सरकार की खेलों को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रणौत के साथ चंडीगढ़ एयर पोर्ट पर घटित घटना की निंदा की है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात महिला कर्मचारी द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देना चिंतनीय है और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने इस घटना को आतंकवाद से जोड़ने के कंगना रणौत के बयान को गैर जिम्मेदाराना करार दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह किसानों की भावनाओं की कद्र करते हैं लेकिन बात को रखने का तरीका संवैधानिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव में चले मोदी मैजिक पर कांग्रेस में मंथन होना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रदेश में लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन जो वायदे उन्होंने मंडी सहित प्रदेश के लोगों से किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों के रखरखाव, सुदृढ़ीकरण और पी.एम.जी.एस.वाई का काम पूरे जोरों से चल रहा है।

**संजय अवस्थी**

मुख्य संसदीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से मजबूत है और अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। संजय अवस्थी ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश में हुए 6 विधानसभा उप–चुनाव के नतीजों से साफ हो गया है कि राज्य की जनता पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने उप–चुनावों में भाजपा को उसके षडयंत्रों का जवाब दे दिया है। अवस्थी ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का नाकाम प्रयास किया और 6 कांग्रेस विधायकों की कथित खरीद फरोख्त के साथ–साथ निर्दलीय विधायकों का राजनीतिक भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अब ये तीन उप–चुनाव भी कांग्रेस ही जीतेगी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा कांग्रेस सरकार को थोड़े दिनों की सरकार कहने पर भी आपत्ति जताई।

**डी.सी. कांगड़ा**

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि बी.बी.एम.बी. प्रशासन पौंग डैम के निचले क्षेत्रों रे–बड़ूखर में अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करेगा ताकि पौंग डैम से पानी छोड़े जाने पर इन क्षेत्रों के लोगों को समय पर जानकारी मिल सके। पौंग डैम से पानी छोड़ने पर प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की डिमार्केशन का भी प्रस्ताव है। गौरतलब है कि बीते साल मॉनसून के दौरान पौंग डैम से पानी छोड़े जाने के चलते निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी। इससे निपटने के लिए सरकार को एन.डी.आर.एफ. और एस.डी.आर.एफ की मदद लेनी पड़ी थी।

**सी.एम.ई.**

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के रेडियोथरेपी और ऑन्कोलॉजी विभाग ने हेमेटोलॉजिकल रोगों को लेकर हाल की प्रगति पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। विभाग के प्रमुख मनीष गुप्ता ने बताया कि इस सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में विभाग के डॉक्टरों के अलावा पीजीआई चंड़ीगढ़, टाटा मेमोरियल सेंटर, कमांड अस्पताल और उत्तर प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हेमेटोलॉजिकल रोगों के क्षेत्र की नवीनतम प्रगति के बारे में अपने विचार साझा किए।

**मॉकड्रिल**

प्रदेश में 14 जून को बाढ़, भू–स्खलन, हिम–स्खलन और औद्योगिक आपदा जैसी घटनाओं से निपटने के लिए राज्य के सभी जिलों में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉकड्रिल को लेकर कल राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। राणा ने बैठक में कहा कि 12 जून को सभी जिलों में टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जमीनी स्तर पर की गई तैयारियों का मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल में विशेष कर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आपदा में फंसे विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने को लेकर अभ्यास किया जाएगा। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों में समन्वय स्थापित करना भी है।